दिनांक- 30 नवंबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

सफाई व्यवस्था को लेकर आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी एवं सूडा के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया निरीक्षण

भिलाईनगर/ निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आज प्रातः से रेलवे स्टेशन एवं ऐसे क्षेत्र जहां पर खुले में शौच करने की गुंजाइश हो सकती है ऐसे क्षेत्रों का निरीक्षण निगम के अधिकारियों के साथ किया! आयुक्त श्री रघुवंशी एवं सूडा के अधिकारी आर के नारंग वार्ड क्रमांक 23 पावर हाउस के समीप सुभाष मार्केट पहुंचे जहां पर उन्होंने पूरे बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया इस दौरान कुछ स्थानों पर ऑटो प्वाइंट मे कचरा एकत्र होना पाया गया जिसे हटवाने के निर्देश दिए गए! बाजार में नालियों का निरीक्षण किया गया कुछ स्थानों पर नाली पर अतिक्रमण होना , नाली निर्मित नहीं होना , नाली जाम होना , नाली का ढलान सही न होना पाया गया जिसके लिए आयुक्त महोदय ने संधारण एवं कुछ स्थलों पर निर्माण कराने के निर्देश जोन क्रमांक 3 के अधिकारियों को दिए हैं! सब्जियों का विक्रय कर रहे एक व्यवसायी के पास से प्रतिबंधित पॉलीथिन पाया गया जिस पर उस व्यवसायी से यह पूछा गया कि यह पॉलिथीन कहां से खरीदा गया है एवं उस विक्रेता के विरुद्ध प्रतिबंधित पॉलिथीन विक्रय करने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं एवं व्यवसायी से अपील की गई कि प्रतिबंधित पॉलिथीन सामग्री प्रदान करने के लिए न रखें! कुछ लोगों के द्वारा अपने निवास स्थान के सामने रास्ते पर ही पशु को काटा जा रहा था जिस पर रहवासी को निर्धारित स्थल का ही उपयोग करने की समझाइश दी गई अन्यथा पशु जप्त करने के साथ ही कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई! सफाई व्यवस्था को बेहतर करने निरंतर निगम के सभी संबंधित अधिकारी/कर्मचारी अपने अपने क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे हैं!

जनसम्पर्क अधिकारी